**Need to declare and observe holiday on 14th April on the occasion of Ashoka Jayanti and rename the Central University of South Bihar as ?Samrat Ashoka Central University?.-laid**

श्री अभय कुमार सिन्हा **(**औरंगाबाद**) :** मैं सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । सम्राट अशोक, मौर्य वंश के महान शासक, ने अखंड भारत की नींव रखी और बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार से भारत को विश्व में एक नई पहचान दिलाई । उनके कुशल प्रशासन, अहिंसा, और सामाजिक समरसता की नीति ने भारत के इतिहास को एक नई दिशा दी । बिहार सरकार ने 14 अप्रैल को सम्राट अशोक की जयंती को राजकीय अवकाश घोषित कर उनकी विरासत का सम्मान किया है लेकिन सम्राट अशोक का योगदान केवल बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरा भारत और विश्व उनकी नीति, विचारधारा और शासन प्रणाली से प्रभावित रहा है । इसलिए, उनके अद्वितीय योगदान को याद करते हुए यह उचित होगा कि भारत सरकार भी 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे । साथ ही, मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम "सम्राट अशोक केंद्रीय विश्वविद्यालय" रखा जाए, ताकि नई पीढ़ी को उनके महान व्यक्तित्व और योगदान से प्रेरणा मिल सके । अतः, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि सम्राट अशोक जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने और दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम "सम्राट अशोक केंद्रीय विश्वविद्यालय" करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ।

________

**14.03 hrs**